दिनांकः 17.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

जयपुर के दादिया गांव में आज आयोजित हो रहे सहकार और रोजगार उत्सव में भाग लेने के लिए केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गये हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष में ये कार्यक्रम रखा गया है। श्री शाह ने वहां सहकारिता से जुड़े उत्पादों की स्टॉल्स का अवलोकन किया। उनके साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद हैं।
केन्द्रीय मंत्री आज सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं का शुभारंभ करेंगे। इनमें अन्नभंडारण योजना के तहत 24 गोदाम और श्री अन्न के प्रोत्साहन के लिए 64 मिलेट्स आउटलेट्स का लोकार्पण शामिल है। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 हजार 400 लाभार्थियों को 12 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के साथ ही दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2 हजार से ज्यादा माइक्रो एटीएम दिये जाएंगे। श्री शाह श्वेत क्रांति 2.0 पीडीसीएस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म की लॉंचिंग करेंगे। वे थानों, सशस्त्र बलों, ट्रुप कैरियर तथा प्रशिक्षण के लिए सौ नए पुलिस वाहनों को झंडी दिखाएंगे। केन्द्रीय मंत्री आठ हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र भी सौंपेंगे। श्री शाह जनसभा को संबोधित करेंगे।

.......................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि स्वच्छता देश की सांस्कृतिक चेतना का आधार है। नई दिल्ली में आज आयोजित समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने ये बात कही। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों की सराहना करते हुए, श्रीमती मुर्मू ने कहा कि यह एक सफल पहल साबित हुई है। इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। इस कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए गए।

.......................

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने कल साइबर धोखाधड़ी गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अवैध खाता नेटवर्क के संबंध में राजस्थान सहित सात राज्यों में छापेमारी की। साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट घोटालों से निपटने के लिए ऑपरेशन चक्र–पांच के तहत प्रदेश के अलावा दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, केरल, पंजाब और आंध्र प्रदेश में छापेमारी की गई। इस अभियान में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

.......................

अजमेर के मांगलियावास क्षेत्र में आज तड़के सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये हादसा लामाना के पास कार के अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने और रॉन्ग साइड जाकर दूसरी गाड़ी से टकराने से हुआ। ये सभी यात्री डीडवाना जिले के चौसला गांव के निवासी थे और सांवलिया सेठ से दर्शन कर लौट रहे थे।

.......................

राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस यात्रा के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अगस्त तक चलेगी। उन्होंने बताया कि 60 वर्ष से अधिक के राजस्थान के मूल निवासी ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। श्री कुमावत ने बताया कि इस बार एसी ट्रेन से 50 हजार तथा हवाई यात्रा से 6 हजार नागरिकों को तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। ट्रेन के सभी डिब्बों में राजस्थानी लोक नृत्य, लोक कलाओं और तीज त्योहारों की झलक नजर आएगी। ये डिब्बे अलग–अलग थीम के साथ डिजाइन किये गये हैं। प्रत्येक डिब्बे पर राजस्थान के अलग–अलग मंदिर, दुर्ग, अन्य पर्यटक स्थल और अभयारण्यों के चित्र उकेरे गये हैं। इस बार नागरिकों को वाघा बॉर्डर का भी भ्रमण कराया जाएगा।

.......................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम तथा कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान की कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 19 सेंटीमीटर बारिश कोटा के रामगंजमंडी में दर्ज हुई। सरमथुरा में 9, असनावर में 8, लालसोट में 6, नागौर में 5, इंदरगढ, गंगरार, हिंडौली और गोविंदगढ में 4–4 सेंटीमीटर पानी बरसा। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी भागों में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने की संभावना है।

.......................